Title: Need to decrease the retirement age of Government employees from 60 to 55 to provide job opportunities to the unemployed.

श्री रामदास आठवले :सभापति महोदय, भारत सरकार ने कुछ दिन पहले सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र ५८ साल से बढ़ा कर ६० साल करने का निर्णय लिया था।... (व्यवधान) उससे हमारे देश में कम से कम दो लाख लोग बेरोजगार होंगे। देश के बेरोजगारों के वोटों पर ही लोग सत्ता पर बैठे हैं मगर सत्ता मिलते ही बेरोजगारों पर अन्याय करने का प्रयत्न हुआ है। मेरी मांग है कि यह जो रिटायरमेंट की उम्र ५८ साल से बढ़ा कर ६० साल की है उसको कम करके ५५ साल करनी चाहिए और देश के बेरोजगारों को रोजगार देने के संबंध में सरकार को विचार करना चाहिए। अगर सरकार इस पर विचार नहीं करेगी तो सरकार के खिलाफ हमें बहुत बड़ा हंगामा करना पड़ेगा। ... (व्यवधान) यह जो बेरोजगारों पर बहुत बड़ा अन्याय हुआ है, उनको न्याय देना चाहिए।

... (व्यवधान)

महोदय, दूरदर्शन पर जीरोऑवर भी आना चाहिए।

सभापति महोदय : यह नोटिस में नहीं है, अब आप बैठ जाइए।